भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4229

उत्तर देने की तारीख 18 जुलाई, 2019

27 आषाढ़, 1941 (शक)

आगरा में अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम

4229. श्री राजकुमार चाहरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या न केवल आगरा बल्कि आस-पास के क्षेत्रों जैसे मथुरा, फतेहपुर सीकरी, एटा इत्यादि की प्रतिभा और खेल कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए आगरा में कोई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव किया गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसे छोड़ने के क्या कारण हैं; और

(घ) इस संबंध में मंत्रालय की वर्तमान योजना क्या है, विशेषकर यह देखते हुए कि आगरा और फतेहपुर सीकरी का बहुत सीमित औद्योगिक विकास हुआ है और खेल कार्यकलापों, अवसंरचना, अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैचों के आयोजन के संदर्भ में वैकल्पिक अवसरों हेतु क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास हेतु यह अति आवश्यक है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) और (घ) : "खेल" राज्य का विषय होने के कारण देश में खेलों के संवर्धन और अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है । इस संबंध में यह मंत्रालय राष्ट्रीय खेल परिसंघों के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान करके, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के केंद्रों में प्रशिक्षण देकर और खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत सहायता प्रदान करके राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के प्रयासों की पूर्ति करता है । ये स्कीमें आगरा और फतेहपुर सीकरी सहित पूरे देश के लिए हैं ।

*****